GANGA®
Acrowools
KNITTING YARN

Product: ELITE

नापः लम्बाई– 28 इंच, चौड़ाई– 18 इंच
सामग्रीः गंगा की एलीट ऊन, शेड न0– 220506, 120012, 490056
सलाई न0ः 3(6.5mm)- 5(Bulky) व सिलने वाली सुई
कुल ऊनः 310 ग्राम

पिछला भाग– 70 फंदे डालकर काले रंग की ऊन से 1 फंदा सीधा, 1 फंदा उल्टे से 3 इंच का बार्डर तैयार करके क्रीम रंग की ऊन से 2 सलाईयां सीधी–उल्टी से प्लेन बुनकर, ब्राउन ऊन लगाकर 2 सलाईयां सीधी–उल्टी से प्लेन बुनकर फिर से क्रीम ऊन से 2 सलाईयां बुनकर इसी प्रकार 2–2 सलाईयों वाला डिज़ाइन बुनते हुए 20 इंच पर काले रंग की ऊन से 4–3–2 से घटाई डालकर 8 इंच का कंधा तैयार करके 28 इंच का पिछला भाग तैयार कर लें।

अगला भाग– 42 फंदे डालकर काले रंग की ऊन से 1 फंदा सीधा, 1 फंदा उल्टे से 3 इंच का बार्डर तैयार करके क्रीम रंग की ऊन से 7 फंदे बार्डर के बुनकर बाकी फंदों को सीधी–उल्टी प्लेन सलाई से बुनकर, ब्राउन ऊन लगाकर 2 सलाईयां सीधी–उल्टी से प्लेन बुंनकर फिर से क्रीम ऊन से 2 सलाईयां बुनकर इसी प्रकार 2–2 सलाईयों वाला डिज़ाइन बुनते हुए 20 इंच पर 4–3–2 से घटाई डालकर 22 इंच पर काले रंग की ऊन लगाकर गले की V शेप में 1–1 करके फंदों को घटाते हुए 8 इंच का कंधा और गला तैयार करके 28 इंच का एक भाग तैयार कर इसी प्रकार दूसरी साइड का भी भाग तैयार करके दोनों कंधों को सिल लें।

गला– गले के लिए आप 7 फंदों की बार्डर की पट्टी को बुनते हुए एक साइड से दूसरी साइड तक पट्टी को सिलते हुए अगले गले तक तैयार करके फंदों को बंद करके सिलकर गला तैयार करें।

कंधे का बार्डर– 48 फंदे उठाकर काले रंग की ऊन से 1 फंदा सीधा, 1 फंदा उल्टे से 1 इंच का बार्डर तैयार करके फंदों को बंद करके एक साइड का कंधा तैयार करके इसी प्रकार दूसरी साइड का भी बार्डर तैयार करके बटन लगाकर स्वेटर को तैयार कर लें। इस प्रकार आपका स्वेटर तैयार हो जाएगा।